Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the early completion of the work of Railway Wagon Factory in Dalmia Nagar, Bihar.

श्री महाबली सिंह (काराकाट): सभापति महोदय, बिहार के डालमिया नगर डेहरी आन-सोल में आज से 12 साल पहले सरकार ने रेलवे वैगन फैक्ट्री लगाने के लिए एक प्रोजेक्ट पास किया था । आज इतने वर्ष बीत गए लेकिन काम नहीं शुरू हुआ । वर्ष-2019 में प्रश्नकाल के दौरान माननीय मंत्री जी ने कहा कि जो काम लगभगग 12-14 सालों से पेंडिंग है, उसे वर्ष-2022 तक हर हालत में पूरा कर लिया जाएगा । इस बारे में सदन में माननीय मंत्री जी ने आश्वासन भी दिया था ।

मेरा आपसे निवेदन है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के पवित्र मंदिर में सदन के भीतर माननीय मंत्री जी ने इसका आश्वासन दिया था और उनके आश्वासन को सुनकर क्षेत्र में ढोल-नगाड़े बज रहे थे, मिठाइयां बांटी जाने लगीं, उसके बावजूद वर्ष-2022 आने वाला है और अभी तक काम शुरू नहीं हो सका है । मैं सदन के माध्यम से सरकार से यह आग्रह करना चाहता हूं कि पिछले लगभग 12 सालों से डालमिया नगर फैक्ट्री का जो काम रुका हुआ है, उसे जल्द से जल्द शुरू कराया जाए ताकि क्षेत्र की जनता को उसका लाभ मिल सके । धन्यवाद ।

HON. CHAIRPERSON: Shri N. Suresh may speak now.